<u>**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली**</u>
<u>**निदेशक कार्यालय**</u>

फा.सं.40-30/2022-स्था.I 02.01.2025

<u>**कार्यालय ज्ञापन**</u>

**विषय:** <u>**चिकित्सा कर्मियों के लिए संरक्षित और सुरक्षित आंतरिक परिवहन संबंधी।**</u>

अधोहस्ताक्षरी द्वारा एम्स नई दिल्ली में कार्यरत विभिन्न चिकित्सा कर्मियों जैसे संकाय सदस्यों, रेजीडेंट डॉक्टरों, नर्सिंग अधिकारियों, पराचिकित्सा स्टाफ सदस्यों आदि के साथ व्यापक रूप से वार्ता की गई। इन वार्ताओं के दौरान, यह सामने आया है कि एम्स परिसर के विस्तृत विस्तार के कारण, रेजीडेंट डॉक्टरों को अक्सर दूसरे विभागों में परामर्श, आपातकालीन कॉल आदि के लिए विभिन्न केंद्रों और ब्लॉकों में, विशेष रूप से रात के समय, जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

आरजी कर अस्पताल में हाल की घटना को देखते हुए और एम्स नई दिल्ली में चिकित्सा कर्मियों के लिए संरक्षित और सुरक्षित परिवहन प्रदान करने के उद्देश्य से, यह निर्णय लिया गया है कि:

- केंद्रीय परिवहन की दो इलेक्ट्रिक स्टाफ कारें 24x7 आधार पर कॉल ड्यूटी वाहनों के रूप में तैनात होंगी।
- उक्त सेवा में सहयोग हेतु, केंद्रीय परिवहन एक समर्पित डिस्पैच डेस्क संचालित करेगा, जिसका लैंडलाइन नंबर सभी नर्सिंग स्टेशनों, रेजीडेंटों चिकित्सकों के ड्यूटी कक्ष, नियंत्रण कक्ष आदि पर मुख्य रूप से प्रदर्शित किया जाएगा।
- उक्त कॉल ड्यूटी वाहन में जीपीएस ट्रैकिंग, पैनिक बटन और आगे एवं कार के अंदर वीडियो रिकॉर्डिंग सिस्टम लगा होगा।
- कॉल ड्यूटी वाहन का प्रयोग करने वाले सभी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जियो-फेंसिंग और स्मार्ट आईओटी तकनीक प्रयोग की जाएगी।
- डिस्पैच डेस्क सभी कॉल को एक स्वचालित डिस्पैच और निगरानी सॉफ्टवेयर में लॉग करेगा। डिस्पैच सॉल्यूशन में डिस्पैच डेटा और सेवा रिकॉर्ड के आधार पर उक्त स्टाफ कारों के लिए ई-लॉग बुक और अनुरक्षण रिपोर्ट को अनुरक्षित करने की एक अंतर्निहित सुविधा होगी। डिस्पैच को प्राथमिकता देने, वाहनों के लिए टर्नअराउंड समय में सुधार करने और परिवहन का प्रयोग करने वालों की सुरक्षा की लाइव निगरानी करने के लिए

एआई आधारित एल्गोरिदम अधिमानतः उक्त डिस्पैच सॉल्यूशन की मुख्य विशेषताओं के समूह का हिस्सा होना चाहिए। उक्त इंटेलिजेंट डिस्पैच सॉल्यूशन को विकसित/खरीदते समय, अस्पताल, केंद्रों आदि द्वारा संचालित एम्स नई दिल्ली की सभी स्टाफ कारों, एम्बुलेंस, ई-शटल आदि तक इस सॉल्यूशन के दायरे का और अधिक विस्तार करने की गुंजाइश होनी चाहिए। चिकित्सा कर्मियों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर, कॉल ड्यूटी वाहनों के रूप में तैनात इलेक्ट्रिक स्टाफ कारों की संख्या बढ़ाई जा सकती है।

**कार्रवाई: प्रभारी-आचार्य (आईटीएस और परिवहन प्रबंधन समिति)**

**प्रो. एम श्रीनिवास**
निदेशक

**वितरण:** (इसे अपने नियत्रंणाधीन सभी अधिकारियों में भी परिचालित करने के अनुरोध सहित)

1. संकायाध्यक्षगण (शैक्षिक, अनुसंधान, परीक्षा)
2. अपर निदेशक (प्रशासन)
3. चिकित्सा अधीक्षक (एम्स)
4. सभी केंद्र-प्रमुखगण/अध्यक्ष, एनसीआई, झज्जर
5. सभी विभागाध्यक्षण
6. वरिष्ठ वित्त सलाहकार
7. प्रभारी-आचार्य, कम्प्यूटर सुविधा

**ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES, NEW DELHI**
**OFFICE OF DIRECTOR**

F. No. 40-30/2022-Estt.I 02.01.2025

**OFFICE MEMORANDUM**

**Sub: Safe & secure intra-mural transport for medical personnel reg.**

The undersigned has been extensively interacting with various medical personnel viz. faculty, resident doctors, nursing officers, paramedical staff, etc. working at AIIMS New Delhi. During these interactions, it has emerged that on account of the vast expanse of the AIIMS campus, resident doctors often face challenge in visiting different Centres & Blocks for cross-consultations, emergency calls, etc. – especially during the night hours.

In view of the recent incidents at RG Kar Hospital and with a view to provide secure & safe intra-mural transport for medical personnel at AIIMS New Delhi, it has been decided that:

- Two electric staff cars from the Central Transport shall be dedicated on 24x7 basis as call duty vehicles.
- To support the said service, Central Transport shall operate a dedicated dispatch desk, whose landline number shall be prominently displayed at all nursing stations, residents' duty rooms, control room, etc.
- The said call duty vehicle shall be fitted with GPS tracking, panic button and front & in-car video recording system.
- Geo-fencing & smart IOT technology shall be deployed to ensure safety of all occupants of the call duty vehicle.
- The dispatch desk shall log all the calls in an automated dispatch & monitoring software. The dispatch solution shall have a built-in feature to maintain an eLog Book & maintenance report for the said staff cars, based

on the dispatch data & service records. AI based algorithm to prioritize dispatches, improve turnaround times for vehicles and live monitor the safety of occupants in transit should preferably be a part of the core feature set of the said dispatch solution. While developing / procuring the said intelligent dispatch solution, there should be scope for further expanding the ambit of this solution to all staff cars, ambulances, eShuttles, etc. of AIIMS New Delhi, operated by Hospital, Centres, etc.

- Based on feedback received from medical personnel, the number of electric staff cars, dedicated as call duty vehicles maybe increased.

**Action: Prof. I/c (ITS & Traffic Management Committee)**

2/1/2025

**Prof. M Srinivas**

Director

**Distribution** (with a request to also circulate it to all officials under their control)

1. Dean/s (Academic, Research, Examination)
2. Addl. Director (Admin)
3. Medical Superintendent (AIIMS)
4. Chiefs' of all Centres / Head, NCI Jhajjar
5. Heads' of all Departments
6. Sr. Financial Advisor
7. Prof. I/c Computer Facility